# टेंट ड्रेस

*इस ट्यूटोरियल में हम एक टेंट ड्रेस बनाएंगे*




## सामग्री की सूची

60 इंच चौड़ाई वाला 3 मीटर कपड़ा
हमने एक सॉफ्ट डेनिम का कपड़ा लिया है
टेंट ड्रेस का टेम्प्लेट जिसे आप हमारी वेबसाइट
www.ushasew.com से डाउनलोड कर सकते हैं
चॉक
कैंची
रूलर
नापने का फीता
बीडेड पिंस
और मैचिंग धागा






हम आपको बताएंगे कि टेम्पलेट के अनुसार कपड़े पर कैसे निशान लगाएं और काटें, फ्रंट और बैक पीस को कैसे जोड़ें, नेकलाइन को कैसे फिनिश करें, साइड सीम को, आस्तीन के हेम को और आखिर में निचले हिस्से के हेम को कैसे फिनिश करें।




## चरण 1 - टेम्प्लेट के अनुसार निशान लगाना और कपड़े को काटना

सॉफ्ट डेनिम कपड़े को खोलें और सीधा हिस्सा आमने सामने कर के मोड़ें। सुनिश्चित करें उल्टा हिस्सा आपके सामने हो।

फ्रंट लिखे हुए टेम्पलेट को कपड़े पर रखें। सुनिश्चित करें कि जिस साइड पर ऑन-फोल्ड लिखा हो वो कपड़े के फोल्ड पर रखा हो। टेम्पलेट को सही जगह रख के बीडेड पिंस लगा दें। टेम्पलेट के किनारों के अनुसार कपड़े पर निशान लगा लें। ये करने के बाद पिन निकाल के टेम्प्लेट को एक तरफ रख दें। कैंची से काटना शुरू करें। लगाए हुए निशान के अनुसार काटें। आपके फ्रंट पीस तैयार है।





इसी तरह से बैक टेम्प्लेट को कपड़े के ऊपर रखें। सुनिश्चित करें कि जिस साइड पर ऑन-फोल्ड लिखा हो वो कपड़े के फोल्ड पर रखा हो। टेम्पलेट को कपड़े पर रख के पिन लगा दें और चाक से कपड़े पर टेम्पलेट की रूपरेखा बना लें । टेम्प्लेट से पिन निकालें और ड्रेस के बैक पीस को काट लें।
















## चरण 2- कंधों को आस्तीन के साथ सिल के फ्रंट और बैक पीस को जोड़ना

बैक के कपड़े को खोलें जिसे आपने अभी-अभी काटा है और इसे टेबल पर उल्टा हिस्सा नीचे कर के बिछा दें। यह कपड़े का उल्टा हिस्सा है और यह सीधा। ड्रेस के फ्रंट पीस को बैक पीस के ऊपर रखें। हम इसे एक साथ सिलने जा रहे हैं। दिखाए अनुसार सीधा हिस्सा आमने सामने रखें।

हम कंधे से आस्तीन तक सिलने जा रहे हैं

दोनो पीस मे बीडेड पिंस लगा दें। पिन लगाए हुए कपड़े को उषा जेनोम वंडर स्टिच प्लस पर ले जाएं। एक आस्तीन के सिरे को प्रेसर फुट के नीचे रखें। स्टिच सिलेक्टर डायल को A पर और सिलाई की लंबाई को 2.5 पर सेट करें। सिलना शुरू करें। टांके को मजबूत करने के लिए शुरु में रिवर्स टांके लगाएं। पूरी आस्तीन को नेक तक सिलें और रुक जाएं। आखिर में भी रिवर्स टांके लगाएं।

अब दूसरी आस्तीन पर भी यही प्रक्रिया दोहराएं। धागा काट लें। सिलाई इस तरह दिखनी चाहिए। सिले हुए कपड़े के किनारों पर ज़िग-ज़ैग टांके लगाएं ताकि टांके न उधड़े। आस्तीन को प्रेसर फुट के नीचे संरेखित करें। स्टिच सिलेक्टर डायल को C पर और सिलाई की लंबाई 1.5 पर सेट करें। नेक से आस्तीन के आखिर तक और फिर नेक तक सिलें। ज़िग-ज़ैग टांके लगाते समय रिवर्स टांके की आवश्यकता नही होती। इस आस्तीन को सिलने के बाद दूसरी आस्तीन पर भी यही प्रक्रिया दोहराएं। आस्तीन के आखिर से नेक तक सिलें। कैंची से किसी भी अतिरिक्त धागे को काट लें। आपकी सिलाई इस तरह दिखनी चाहिए।










## चरण 3- नेकलाइन को फिनिश करना

नेकलाइन को परफेक्ट फिनिश देने के लिए हमें बायस स्ट्रिप्स की जरूरत होगी। चिंता न करें हम आपको इन स्ट्रिप्स को काटना सिखाएंगे। कपड़े का बचा हुआ पीस लें। कपड़े पर स्केल से दिखाए अनुसार 45 डिग्री के कोण पर एक तिरछी लाइन खींचें। लाइन से 1.5 इंच नाप कर अलग-अलग जगह पर निशान लगाएं ताकि आप एक सीधी लाइन खींच सकें। इन निशानो को एक लाइन से जोड़ दें। चूंकि हमें तीन बायस स्ट्रिप्स की आवश्यकता है, एक नेक के लिए और दो आस्तीन के लिए, इस प्रक्रिया को दो बार और दोहराएं। सभी निशान लगाने के बाद कैंची से इन स्ट्रिप्स को काट लें। सुनिश्चित करें कि आप कपड़े की सिर्फ ऊपरी परत को ही काटें। हमारे बायस स्ट्रिप्स तैयार हैं.




स्ट्रिप और ड्रेस को मशीन पर ले जाएं। नेकलाइन को फिनिश करने के लिए दिखाए अनुसार स्ट्रिप के सीधे हिस्से को उल्टे हिस्से के सामने कर के कंधे के जोड़ पर रखें। कपड़े को प्रेसर फुट के नीचे रखें। स्टिच सिलेक्टर डायल को A पर और सिलाई की लंबाई को 2.5 पर सेट करें। लगभग अंत तक नेक के चारों ओर सिलाई करें।




जहां से शुरू किया था वहां से ठीक पहले मशीन को बंद कर दें। कपड़े को निकालें, स्ट्रिप के किनारों को कंधे के जोड़ के साथ संरेखित करें और एक टांका लगा दें। अतिरिक्त स्ट्रिप को कैंची से काट दें। अब उस गैप को सिलें जो आपने पहले छोड़ा था ताकि बायस स्ट्रिप नेकलाइन से पूरी तरह से जुड़ जाए।




अब अगले भाग पर ध्यान दें। बायस स्ट्रिप को सीधी तरफ १/४ इंच मोड़ें और फिर सीम अलाउंस के ऊपर फिर से मोड़ें। कपड़े के सीधी तरफ से किनारे पर टांका लगा के फोल्ड को मजबूत करें। एक अच्छे फिनिश के लिए किसी भी अतिरिक्त धागे को काट लें।






नेक इस तरह दिखना चाहिए।

## चरण 4- साइड सीम को फिनिश करना




साइड सीम को फिनिश करने के लिए हम आस्तीन के हेम से सिलना शुरू करेंगे और ड्रेस के नीचे तक सिलेंगे। आस्तीन के खुले सिरे को प्रेसर फुट के नीचे रखें और सीधा सिलना शुरू करें। जब आप आर्महोल के पास आएं तो ध्यान से सिलें ताकि एक अच्छी सिलाई हो सके।




नीचे तक सिल के अतिरिक्त धागे को काट लें। एक फिनिशिंग टच देने के लिए किनारे पर ज़िग-ज़ैग टांके लगाएं। आस्तीन को प्रेसर फुट के नीचे रखें और स्टिच सिलेक्टर डायल को C पर और स्टिच की लंबाई को 1.5 पर सेट करें। आस्तीन से लेकर ड्रेस के निचले हिस्से तक ज़िंग-ज़ैग सिलाई शुरू करें। ये सिलने के बाद सिलाई ऐसी दिखनी चाहिए।




हमें आस्तीन के नीचे स्लैश लगाने होंगे। सीम को सिकुड़ने से बचाने के लिए स्लैशिंग की जाती है।




हम ड्रेस के दूसरी तरफ भी सिलाई की इस पूरी प्रक्रिया और इसके बाद ज़िंग-ज़ैग टांके और आर्महोल के नीचे स्लैशिंग करने की प्रक्रिया को दोहराएंगे।

## चरण 5- आस्तीन के हेम को फिनिश करना

पहले बताये गए बायस स्ट्रिप के दो अतिरिक्त पीस आस्तीन के लिए हैं। बायस स्ट्रिप के एक पीस को ड्रेस के आस्तीन के किनारे के ऊपर रखें। बायस स्ट्रिप का सीधा हिस्सा ड्रेस के उल्टे हिस्से के सामने होना चाहिए। सर्कुलर सीम को आसानी से सिलने के लिए मशीन के एक्सेसरी बॉक्स को हटा दें। कपड़े को प्रेसर फुट के नीचे एडजस्ट करें। स्टिच सिलेक्टर डायल को सीधी सिलाई पर सिलाई की लंबाई को 2.5 पर सेट करें। सिलना शुरू करें। लगभग अंत तक पूरी आस्तीन को सिलें।

अब नेक की ही तरह लगभग एक इंच अतिरिक्त बायस स्ट्रिप लें और उस पर सीधी सिलाई करें जैसा कि ट्यूटोरियल में दिखाया गया है। कैंची से अतिरिक्त धागे को काट लें। अब आस्तीन को सीधी तरफ मोड़ें। बायस स्ट्रिप को चौथाई इंच मोड़ें और सीम लाइन पर फिर से मोड़ें। आस्तीन को मशीन के नीचे रखें और आस्तीन के किनारे पर एक सीधी सिलाई करें। अतिरिक्त धागे को काट लें और आपकी आस्तीन सिल गई है। सिलने के बाद आस्तीन इस तरह दिखना चाहिए। दूसरी आस्तीन पर भी यही प्रक्रिया दोहराएं।












## स्टेप 6- निचले हेम को फिनिश करना

यह बहुत ही आसान है। ड्रेस के निचले हिस्से को दिखाए अनुसार दो बार आधा-आधा इंच मोड़ें। अब ड्रेस के निचले हिस्से में फोल्ड पर सीधी सिलाई करें। निचला हेमलाइन बन गया है। आपने टेंट ड्रेस बनाने की पूरी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। अपने आप को शबाशी दें।

इस ड्रेस को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए इसे सजाना हमेशा एक अच्छा विकल्प माना जाता है। बाजार में बहुत सारे रिबन और सेक्विन उपलब्ध है जिस के साथ आप रचनात्मक हो सकते हैं। आपने जो अभी टेंट ड्रेस बनाया है उसको और अधिक सुन्दर बनाने के लिए उषा जेनोम रिबन सेक्विन फुट का उपयोग करें। यदि आप इस फुट का उपयोग करना सीखना चाहते हैं तो हमारी वेबसाइट www.ushasew.com पर जाएं और इसका ट्यूटोरियल देखें।

आपने जो अभी बनाया है क्या उस पर आपको गर्व नहीं हो रहा? इसकी एक फोटो खींचे और इसे अपने दोस्तों के साथ शेयर करें या इसे अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपलोड करें। आप इस टेंट ड्रेस को कई तरीकों से सजा के इसकी की खूबसूरती बढ़ा सकते हैं।







